# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 07/12/18

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Amar Ujala (Bulandshahar,UP)**

# छह दिसंबर : जनपद में चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रही फोर्स

## बाबरी कांड की 26वीं बरसी पर प्रशासन और पुलिस की रही पैनी नजर, मुख्य स्थानों पर हुई चेकिंग, खुफिया विभाग भी रहा सक्रिय

अमर उजाला ब्यूरो



औरंगाबाद में तैनात फोर्स। अमर उजाला



कालाआम पर तैनात आरएएफ के जवान। अमर उजाला

बुलंदशहर। छह दिसंबर के चलते बृहस्पतिवार को जिला प्रशासन के साथ जनपद पुलिस सक्रिय नजर आई। शासन के निर्देश पर प्रशासन और पुलिस की तैयारियां भी पूरी रहीं जिसके चलते जिले में कहीं भी विजय दिवस व काला दिवस नहीं मनाया जा सका। वहीं, जिले के सभी थानाध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले रखी।

6 दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद के ढांचे को कार सेवकों ने ध्वस्त कर दिया था। तब से हर साल 6 दिसंबर को विजय दिवस मनाया जाता है। इसके चलते बुधवार को शासन से अलर्ट जारी होने पर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने जिले में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए। हालांकि नगर क्षेत्र में प्रशासन और पुलिस की सख्ती बरतने पर किसी भी संगठन द्वारा कोई भी प्रदर्शन नहीं किया जा सका। जबकि कुछ संगठनों द्वारा पूजा-अर्चना का कार्यक्रम किया गया। बता दें कि छह दिसंबर के चलते खुफिया विभाग ने शांति व्यवस्था बिगड़ने की आशंका व्यक्त की थी। इसके कारण प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। जनपदभर को कई सेक्टरों में बांटते हुए पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को पर्याप्त पुलिस बल के साथ ड्यूटी लगाई गई थी। धार्मिक स्थलों, हिंदू-मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों और चौराहों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया। एडीएम प्रशासन अरविंद कुमार मिश्र ने बताया कि जिले के सभी अफसरों को और पुलिस अफसरों को शासन के निर्देश से अवगत कराते हुए सुरक्षा व्यवस्था बरतने के निर्देश दे दिए गए थे। जिले में कोई भी विवादित कार्यक्रम का आयोजन नहीं होने दिया गया है। साथ ही सांप्रदायिक माहौल खराब न हो सके इसके लिए जिले की सीमाओं पर कड़ी चेकिंग व्यवस्था की गई है। जिले से आने-जाने वाले हर संदिग्ध की चेकिंग की गई। साथ ही कस्बों के होटल, धर्मशालाओं और सरायों में बिना पहचान के रहने वाले लोगों की चेकिंग की गई। इसके अलावा शहर के भीड़-भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा बरती गई। बताया कि सतर्कता के चलते देर शाम तक जिले में शांति का माहौल बना रहा। उधर, सिकंदराबाद व गुलावठी में छह दिसंबर को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट रहा। धार्मिक स्थलों के पास पुलिसकर्मी तैनात रहे। वहीं, एसडीएम, सीओ ने पुलिस और पीएसी के साथ नगर में फ्लैग मार्च भी किया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने कई जगहों से अतिक्रमण भी हटवाया। बता दें कि हाल ही में स्याना में कथित गोवंश मिलने को लेकर हुई हिंसा और छह दिसंबर को बाबरी मस्जिद की बरसी होने के कारण पुलिस-प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा। पुलिस ने पांच दिसंबर की रात से ही नगर में गश्त बढ़ा दी थी। इसके अलावा नगर के धार्मिक स्थलों के आसपास भी पुलिसकर्मी तैनात करते दिए थे। बृहस्पतिवार की सुबह एसडीएम, वेदप्रकाश मिश्रा, सीओ विक्रम सिंह ने पुलिस और पीएसी के साथ नगर फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान एसडीएम के निर्देश पर पुलिस ने अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की। एसडीएम वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि पुलिस-प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। गुलावठी में नगर में बृहस्पतिवार को नायब तहसीलदार प्रवीन शर्मा एवं थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह भड़ाना के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने नगर में मार्च निकाला। छह दिसंबर को शांति बनाए रखने की दृष्टि से नगर के विभिन्न मार्गों से मार्च निकाला गया। यद्यपि यहां किसी भी संगठन द्वारा छह दिसंबर के संदर्भ में कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया।

Prabhat Khabar (Jamshedpur,JKD)

# छह दिसंबर को लेकर चप्पे-चप्पे पर तैनात थे जवान




**जमशेदपुर.** छह दिसंबर को लेकर शहर के संवेदनशील जगहों पर गुरुवार को विशेष सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया था. इस दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हो इसको लेकर जिला पुलिस बल, क्यूआरटी, आरपी के साथ-साथ रैफ के जवानों को तैनात किया गया था. सुरक्षा को लेकर मानगो के अलावा धार्मिक स्थलों पर फोर्स की तैनाती की गयी थी. साथ ही एसएसपी ने जिले के सभी थाना प्रभारी और डीएसपी को भी विशेष रूप से निगरानी रखने का आदेश जारी किया था. वहीं गोलमुरी सहित शहर के अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में दंडाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गयी.

**Dainik Bhaskar (Jamshedpur,JKD)**

## शौर्य दिवस : मानगो में सुरक्षा को लेकर मुस्तैद रहे रैफ के जवान



शौर्य दिवस के मौके पर एहतियात के तौर पर प्रशासन द्वारा मानगो के संवेदनशील क्षेत्र में तैनात किए गए जवान।

**Hindustan (Jamshedpur,JKD)**

## शहर रहा रैफ के हवाले, जगह-जगह फोर्स तैनात

जमशेदपुर (सं.)। अयोध्या घटना की बरसी को लेकर गुरुवार को शहर में जगह-जगह रैफ की तैनाती की गई थी। इसके लिए दो कंपनी रैफ शहर में उतारी गई थी। मानगो में इस दौरान विशेष चौकसी बरती गई। इसके अलावा बुधवार रात से ही शहर के विभिन्न इलाकों में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई थी। रैफ की तैनाती सुबह नौ बजे से की गई थी। इसके अलावा शहर के विभिन्न धार्मिक स्थलों के बाहर भी सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। इसके मानगो और गोलमुरी इलाके में पुलिस फोर्स ने पैदल मार्च भी किया।

The Hindu (Delhi)

# Sabarimala security enhanced

## In view of the anniversary of the Babri Masjid demolition

SPECIAL CORRESPONDENT
PATHANAMTHITTA

Police and the Central forces have strengthened security at Sabarimala from Wednesday in view of the anniversary of the Babri Masjid demolition on Thursday.

Darshan from the small enclosure at the temple *sopanam*, close to the sanctum sanctorum, will not be permitted on Thursday.



**Strict vigil:** Police and Central security forces conducting a mock drill at Sabarimala on Wednesday. •LEJU KAMAL

### Flow of pilgrims

Police are keeping an eye on the pilgrim flow to the holy hillock. The pilgrim flow to the holy hillock has been moderate in the past 24 hours.

Armed guards, including commandos of the Rapid Action Force attached to the Central Reserve Police Force and commandos of the Kerala police, have been deployed at various key points in the close vicinity of the Ayyappa temple, Malikappuram Bhagavathy temple and Pampa Ganapati temple, sources said.

The bomb squad is conducting periodic inspections in and around the Sannidhanam.

Police have installed close circuit cameras at strategic points to monitor the crowd.

The Kerala police and the Central security forces conducted a combined mock-drill on Wednesday as part of the security arrangements.

As many as 150 personnel representing various platoons took part in the drill.

## The Hindu (Delhi)

# Police step up vigil in Capital after Bulandshahr violence

### Asked to respond swiftly to sensitive calls, keep an eye on rumour-mongers

SAURABH TRIVEDI
NEW DELHI

Delhi Police Commissioner Amulya Patnaik has instructed all district DCPs to be more vigilant and respond swiftly to sensitive calls in the wake of Bulandshahr incident and ongoing elections in States.

The issue was discussed at a crime review meeting convened by Mr. Patnaik on Wednesday.

A senior police officer said that they have instructed all SHOs and beat staff to be more vigilant and keep an eye on anti-social elements. "We have communicated to animal rescuers in the city to inform police if they suspect any vehicle involved in cow smuggling. They have been warned against legal action if they get involved," the officer added.

The police said they are keeping an eye on rumour-mongers on social media. The person who is found promoting or propagating hate messages or communal post on social media will be held and prosecuted.



RAF personnel on alert after mob violence in Bulandshahr district of Uttar Pradesh. FILE PHOTO: R.V. MOORTHY

**PCR calls**

"PCR calls about cow smuggling or finding beef in any particular area are taken on high priority and a senior police officer takes care of the situation. In case the meat is suspected to be cow meat, it is sent to a laboratory for tests for further action," added the officer.

Areas like Trilokpuri, Seelampur, Welcome, Jaffrabad, Kalyanpuri, Khichripur, Dakshinpuri, Ambedkar Nagar, Madangir, Jahangirpuri, Rana Pratap Bagh, Majnu Ka Tila are communal-sensitive areas.

On Wednesday morning, residents in Trilokpuri found posters by the Social Democratic Party of India (SDPI) on several walls which read "Babri Masjid will be constructed again". It requested people to gather for a rally.

> **We have already deployed police personnel in plain clothes to keep an eye on antisocial elements**
>
> POLICE OFFICER

**Poster inquiry**

When East district police officers were contacted, they said they were unaware of such posters in the locality but have ordered an inquiry into the matter.

"We have already deployed police personnel in plain clothes to keep an eye on antisocial elements. The police informers have also been instructed to inform police about any suspicious movement," said an officer.

On December 3, two people, including a police inspector, were killed after a mob clashed with the police in protest against illegal slaughterhouses in Bulandshahr. The clash broke out after a mob had gathered outside a police station complaining that they had discovered cow carcasses in their locality and accused the police of not taking action in the case.

## Punjab Kesari (Delhi)



बाबरी विध्वंस की 26वीं बरसी पर अयोध्या में चप्पे-चप्पे पर पुलिस और आरएएफ के जवान तैनात रहे। (मध्य) अयोध्या में मुसलमानों ने काला दिवस मनाते हुए मस्जिदों पर काले झंडे लगाए तथा (दाएं) वाराणसी में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता रैली निकाल शौर्य दिवस मनाते हुए। (छाया : पं.के.)

## Photos of Deployment/ Fam-Ex of RAF













**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**